गृह मंत्रालय
MINISTRY OF
**HOME AFFAIRS**

सत्यमेव जयते

Indian Cyber Crime Coordination Centre

सहवीर्यं करवावहै • Working Together With Vigour

## साइबर क्राइम कहानियां: श्रृंखला 1



# साइबर सेफ्टी क्लब

YOUTUBE

INSTAGRAM


कॉल
**1930**



# श्री नरेंद्र मोदी

## माननीय प्रधानमंत्री

मैं एक ऐसे डिजिटल भारत का सपना देखता हूँ,
जहाँ साइबर सुरक्षा राष्ट्रीय सुरक्षा का मजबूत आधार बने।



# श्री अमित शाह


माननीय केंद्रीय गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री

साइबरस्पेस को केवल कोई एक संगठन अकेले सुरक्षित नहीं कर सकता; इसके लिए सामूहिक प्रयासों और एक साझा ढांचे के तहत, एक ही लक्ष्य की दिशा में काम करने वाले एक एकीकृत मंच की आवश्यकता होती है।


# विषय सूची


**गेम ओवर?** 04
नकली गेमिंग रिवॉर्ड के लालच में आकर आरव फ़िशिंग जाल में फँस जाता है।


**अनजान दोस्त** 10
रिया को पता चलता है कि ऑनलाइन "दोस्त" अपनी असली पहचान छुपा सकते हैं।


**क्लोन अकाउंट** 17
मेहुल की तरह दिखने वाली एक प्रोफ़ाइल... जो उसके नाम से लोगों को ठग रही है।


**यह मज़ाक नहीं है** 21
एक मीम मज़ाक से बढ़कर ऑनलाइन ट्रोलिंग में बदल जाता है।


**शेयर करने लायक नहीं** 26
एक नकली कॉन्टेस्ट डिजिटल शोषण की कोशिश में बदल जाता है।


**खामोश कमरा** 30
एक खतरनाक ऑनलाइन ग्रुप रोहन को दूसरों से अलग कर उसे प्रभावित करने लगता है।


**वायरल डेयर** 35
लाइक्स और दबाव के कारण एक खतरनाक ट्रेंड तेज़ी से फैलने लगता है।


**दो तरीके, दो नतीजे** 39
माता-पिता की प्रतिक्रिया मीरा की डिजिटल खर्च करने की आदतों को प्रभावित करती है।


**परफेक्ट फ़ीड** 43
एक डाइट ट्रेंड अनन्या की सेहत और आत्मविश्वास को नुकसान पहुँचाता है।


**चुराया हुआ चेहरा** 47
एक डीपफेक ईशिता की पहचान और सम्मान को निशाना बनाता है।

# गेम ओवर?

एपिसोड 01




फ़ोन रीस्टार्ट हो जाता है।
Re-Starting
ये क्या हो रहा है?!
ओह नहीं..नहीं.. नहीं...
डर के कारण आरव चुपचाप फोन अपनी जेब में रख लेता है, और घर से निकल जाता है।
पार्क, शाम
आरव लगातार अपने फोन को देख रहा है। वह साफ़ तौर पर परेशान है।
सायेशा
वेंकट
विदुषी
पास में सायेशा, विदुषी और वेंकट बैठे हैं।



अरे आरव, तुम बहुत परेशान लग रहे हो।
दोस्तों! मैं बड़ी मुसीबत में फँस गया हूँ...
आरव उन्हें सारी बात बता देता है।
स्कैम
यह तो हमारे साइबर सेफ्टी क्लब का मामला है।
साइबर सेफ्टी क्लब?! क्या तुम लोग स्मार्टफोन ठीक करते हो?
नहीं! हम फोन ठीक नहीं करते। हम दोस्तों को सिखाते हैं कि ऑनलाइन सुरक्षित कैसे रहें।
और अगर ऑनलाइन कोई परेशानी हो जाए, तो उससे कैसे निपटें।
चलो, अब अपना फोन दिखाओ!



आरव अपना फोन उन्हें देता है।
विदुषी, सायेशा और वेंकट मैसेज को ध्यान से देखते हैं।
बस एक क्लिक! कॉइन्स खरीदें और अगला लेवल अभी अनलॉक क
हम्म... URL सही नहीं है। डोमेन भी आधिकारिक नहीं है।
यह एक फिशिंग लिंक है।
इसका मतलब... फोन हैक हो चुका है।
नहीं.. नहीं...
हैक?? नहीं!! दोस्तों, यह मेरी मम्मी का फोन है!
इसे फिशिंग कहते हैं।
एक नकली मैसेज आपको लिंक पर क्लिक करने के लिए फँसाता है।
जैसे ही आप क्लिक करते हैं, हैकर को आपके डिवाइस तक पहुँच मिल सकती है और आपका निजी डेटा चोरी हो सकता है।


नकली मैसेज
लिंक
हैकर को एक्सेस
मतलब... एक हैकर के लिए तुम्हारी मम्मी के फोन का फ्री ट्रायल!
वेंकट! यह मज़ाक की बात नहीं है।
आरव, घबराओ मत। हम तुम्हारी मदद करेंगे... लेकिन तुम्हें अपने माता-पिता को बताना होगा।
ठीक है...
स्कैम ?
हमें अभी इसे साइबर क्राइम पोर्टल पर रिपोर्ट करना होगा।
Indian Cyber Crime Coordination Centre
Register a Complaint
National Cyber Crime Reporting Portal
Azadi Ka Amrit Mahotsav
विदुषी अपने टैबलेट पर I4C का पोर्टल खोलती है।
रिपोर्ट करें










**स्मार्ट बनें। सुरक्षित रहें। साइबर जागरूक बनें!**

**कॉल करें 1930**

**अधकि जानकारी के लिए Cyber Dost को फ़ॉलो करें**

किसी भी साइबर अपराध की शिकायत करें: www.cybercrime.gov.in

# अनजान दोस्त

एपिसोड 02





अगले कुछ दिन , धीरे-धीरे रिया और अमन की रोज़ चैट होने लगती है।
तुमसे बात करना बहुत आसान है। बाकी लोगों की तरह नहीं।
लगता है अच्छा लड़का है।
रिया शरमा कर मुस्कुराती है।
क्या मुझे तुम्हारा नंबर मिल सकता है? वहाँ बात करना आसान होगा।
ठीक है... लेकिन किसी और को मत देना।
सुरक्षित रहें
वह अपना नंबर भेज देती है।
+91 96568XXXXX



कैफे, शाम
कैफे
तुम फिर फोन में ही लगी हो? किससे बात कर रही हो?
बस... एक दोस्त से। ऑनलाइन मिला था।
ऑनलाइन? कौन?
रिया उसे चैट दखिाती है। सायेशा का चेहरा गंभीर हो जाता है।
रिया ... वो तुम्हे रात में मैसेज कर रहा है और सेल्फी भी मांग रहा है। यह ठीक नहीं है।
अरे नहीं... सब ठीक है। मुझे उस पर भरोसा है... वह बस थोड़ा फ्रेंडली है, और कुछ नहीं।
रिया... कल लाइब्रेरी चलो। विदुषी से बात करते हैं।
कैफे



स्कूल लाइब्रेरी – सुबह
विदुषी और वेंकट लाइब्रेरी में बैठे हैं। वेंकट कॉमिक पढ़ रहा है, और विदुषी स्कूल के कंप्यूटर पर कुछ देख रही है। सायेशा और रिया वहाँ पहुँचती हैं।
COMIC STORY
हम तुम्हारा ही इंतज़ार कर रहे थे। चलो, इस अमन को दिखाओ!
रिया कंप्यूटर पर लॉगिन करके अमन की प्रोफ़ाइल खोलती है। विदुषी जल्दी-जल्दी प्रोफ़ाइल और चैट देखती है। सायेशा और वेंकट भी ध्यान से देखते हैं।
यह अकाउंट सिर्फ दो हफ्ते पहले बना है।
अमन_शर्मा_08
सिर्फ 9 फ़ॉलोअर्स... और कोई टैग्ड फ्रेंड भी नहीं।
और तुम्हारा “म्यूचुअल फ्रेंड” रोहन तो इसे फॉलो भी नहीं करता।
यह फेक अकाउंट है। तुम्हें निशाना बनाया जा रहा है। इसे कैटफिशिंग कहते हैं।


कैटफिशिंग?
जब कोई नकली पहचान बनाकर दोस्ती करता है, ताकि धीरे-धीरे तुम्हारी जानकारी, फोटो या भरोसा हासिल कर सके - उसे कैटफिशिंग कहते हैं। शुरूआत में सब सामान्य लगता है, लेकिन असल में वह तुम्हें धोखा दे रहा होता है।
पहले वो भरोसा जीतते हैं, फिर धीरे-धीरे तारीफ़, दबाव या भावनात्मक बातों से तुम्हें बहकाने की कोशिश करते हैं।
मतलब... भेड़ की खाल में भेड़िया।
रिया हैरान रह जाती है।
मुझे नहीं पता था ऐसा भी हो सकता है। यह मेरे साथ कैसे हो गया?
तुमने कुछ गलत नहीं किया, रिया। लेकिन अब हमें समझदारी से कदम उठाना होगा। चैट डिलीट मत करो, स्क्रीनशॉट लो, और इस प्रोफ़ाइल को रिपोर्ट करते हैं।


राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल
National Cyber Crime Reporting Portal
WOMEN/CHILDREN RELATED CRIME
FINANCIAL FRAUD
OTHER CYBER CRIME
विदुषी कंप्यूटर पर वेबसाइट खोलती है: www.cybercrime.gov.in
हम इसे Women/Child Related Crime कैटेगरी में रिपोर्ट कर सकते हैं। यह सुरक्षित और गोपनीय है।
और तुम्हें यह बात अपने माता-पिता को भी बतानी होगी।
और रोहन को भी बता देना... ताकि अगली बार किसी स्कैमर को "म्यूचुअल फ्रेंड" न बना ले।
रिया राहत की साँस लेती है और हल्का मुस्कुराती है।
रिया का घर – शाम
तुम सबका बहुत धन्यवाद। मुझे तो पता भी नहीं था कि ऐसा ऑनलाइन हो सकता है।







**स्मार्ट बनें। सुरक्षित रहें। साइबर जागरूक बनें!**

**कॉल करें 1930**

**अधकि जानकारी के लिए Cyber Dost को फ़ॉलो करें**

किसी भी साइबर अपराध की शिकायत करें: www.cybercrime.gov.in

# क्लोन अकाउंट

एपिसोड 03




विदुषी, सायेशा और वेंकट साथ बैठे हैं।
दोस्तो! किसी ने मेरे नाम से इंस्टाग्राम पर नकली अकाउंट बना लिया है। वो उस अकाउंट से मेरे जानकारों को मैसेज भेज रहा है।
बधाई हो भाई! तुम अब "सेलेब्रिटी क्लब" में शामिल हो गए हो। पहला नकली फैन मिल गया!
वेंकट, यह मज़ाक का समय नहीं है।
मुझे अकाउंट दिखाओ।
MEHUL KUMAR
Add Story
Works at Graphic design
मेहुल फोन देता है। सायशा और विदुषी ध्यान से प्रोफाइल देखते हैं।
हम्म... यह आइडेंटिटी थेफ्ट का मामला है। इन्होंने तुम्हारी फोटो, बायो... यहाँ तक कि यूज़रनेम भी कॉपी कर लिया है — बस एक और अंडरस्कोर जोड़ दिया है।
क्या उन्होंने तुम्हारे किसी जानने वाले को मैसेज किया?
हाँ! मेरे कज़िन ने अभी स्क्रीनशॉट भेजे हैं। वे लोगों से पैसे मांग रहे हैं... किसी नकली "स्कूल फंडरेज़र" के नाम पर।
CAFE
अरे! यह तो फैन वाली हरकत नही... सीधा फ्रॉड है!



विदुषी का घर, शाम
जब कोई आपकी निजी जानकारी, जैसे नाम, फोटो या दूसरी डिटेल्स, का इस्तेमाल करके आपकी तरह बनकर सामने आता है, उसे आइडेंटिटी थेफ्ट कहते हैं। अक्सर इसका इस्तेमाल लोगों को ठगने या आपकी छवि खराब करने के लिए किया जाता है।
पहचान की चोरी
दोस्तों/ जानकारों को धोखा
पैसे की मांग
धोखाधड़ी
स्कैम ?
मतलब... अगर किसी को मेरी फोटो मिल जाए, तो वह ऑनलाइन मेरी तरह बन सकता है?
हाँ, इसलिए अपनी प्रोफाइल प्राइवेट रखना चाहिए... और ज़्यादा जानकारी शेयर नहीं करनी चाहिए।
मेहुल, चिंता मत करो। हम अभी इसकी रिपोर्ट करते हैं।







**स्मार्ट बनें। सुरक्षित रहें। साइबर जागरूक बनें!**


**कॉल करें 1930**

**अधकि जानकारी के लिए Cyber Dost को फ़ॉलो करें**

किसी भी साइबर अपराध की शिकायत करें: www.cybercrime.gov.in

# यह मज़ाक नहीं है

एपसिोड 04




वेंकट! देख, मैंने आन्या का क्या मीम बनाया है! चल, इसे पोस्ट करते हैं... मज़ा आएगा।
क्यों? उसने क्या किया?
यार, क्लास में सबके सामने मुझे गलत साबित कर दिया... ऊपर से सब हँस भी रहे थे।
यह साइबर बुलिंग है
भाई... यह मज़ाक नहीं है।
Aanya
मीम
लेकिन शुभम उसकी बात अनसुनी कर देता है और मीम पोस्ट कर देता है।


वेंकट तुरंत सायेशा और विदुषी को ढूँढने भागता है।
वेंकट, ऐसे क्यों भाग रहे हो? क्या हुआ?
शुभम ने आन्या पर मीम पोस्ट कर दिया है...और मुझे भी साथ देने को कह रहा है! वो सिर्फ इसलिए उसे चिढ़ा रहा है क्योंकि उसने क्लास में सही जवाब दिया।
हमें अभी उससे बात करनी होगी।
मीम
तीनों शुभम को ढूँढते हैं। वह अपने फोन पर मीम के लाइक्स देख रहा है।
साइबरबुलिंग
शुभम। यह पोस्ट अभी डिलीट करो।
अरे आराम से! बस एक मज़ाक है। उसने सबके सामने मुझे गलत बता के शर्मिंदा किया... तो मैंने उसका मीम बना दिया।
आन्या ने तुम्हें शर्मिंदा नहीं किया। तुमने खुद यह पोस्ट डालकर खुद को शर्मिंदा किया है।
अरे यार... बस मज़ाक है।



यह मज़ाक नहीं... साइबर बुलिंग है। किसी की एडिट की हुई फोटो डालकर उसे ऑनलाइन शर्मिंदा करना — मज़ाक नहीं होता।
साइबर बुलिंग
मज़ाक उड़ाना
ऑनलाइन ट्रोल करना
गाली-गलौज या धमकी देना
अफवाह फैलाना
निजी फोटो/जानकारी शेयर करना
और अगर कोई तुम्हारे साथ ऐसा करे... तो तुम्हें कैसा लगेगा?
तभी आन्या वहाँ आ जाती है। उसके हाथ में फोन है। वह थोड़ा परेशान दिख रही है। बुलिंग बंद करो
शुभम... तुमने ऐसा क्यों किया? सब मुझे मैसेज कर रहे हैं...
मैं... सॉरी, आन्या। मुझे नहीं लगा था कि तुम्हें इतना बुरा लगेगा। मैं बस गुस्से में था... और बेवकूफी कर दी।
गुस्सा आना ठीक है। लेकिन किसी को ऑनलाइन परेशान करना गलत है।
पोस्ट हटाओ। और दोबारा ऐसा मत करना।
Aanya
DELETED
बुलिंग बंद करो


तीनों आन्या को उसके घर तक छोड़ने जाते हैं।
थैंक यू... मुझे समझ नहीं आ रहा था कि क्या करूँ।
तुमने आवाज़ उठाई, वही सबसे ज़रूरी है।
अगली बार अगर कुछ ऐसा हो तो स्क्रीनशॉट ले लेना... और ऐसे अकाउंट्स को रिपोर्ट करके ब्लॉक कर देना।
और अगर फिर कभी कोई ऐसा करे... तो हमें कॉल करना। हमारी फीस अभी भी समोसे ही है!
आवाज़ उठाएँ


CYBER DOST
C D
इंटरनेट की दुनिया मज़ेदार है . यहाँ खेल हैं, दोस्त हैं और बहुत कुछ सीखने को भी मिलता है।
लेकिन इस दुनिया की हर गली सुरक्षित नहीं होती।
अगर कभी कुछ अजीब, गलत या डराने वाला लगे, तो चुप मत रहिए।
अपने माता-पिता, शिक्षक या किसी भरोसेमंद व्यक्ति से ज़रूर बात करें।
स्मार्ट बनें। सुरक्षित रहें। साइबर जागरूक बनें!
कॉल करें 1930
अधकि जानकारी के लिए Cyber Dost को फ़ॉलो करें
किसी भी साइबर अपराध की शिकायत करें: www.cybercrime.gov.in

# यह शेयर करने लायक नहीं

एपिसोड 05





ज़ोया एक नॉर्मल सेल्फी भेज देती है।
SENT
रुको... यह क्या?! यह मैं नहीं हूँ!
कुछ ही सेकंड बाद उसे एक तस्वीर मिलती है - उसकी फोटो को किसी आपत्तिजनक तस्वीर पर एडिट कर दिया गया है।
देखो हमने और क्या-क्या कैप्चर किया है।
LINK
घबराहट में ज़ोया बिना जाँचे लिंक पर क्लिक कर देती है। और तुरंत डरकर फोन गिरा देती है।
विदुषी कॉरिडोर में आती है और देखती है कि ज़ोया बेचैनी से इधर-उधर घूम रही है।
हेलो ज़ोया... तुम ठीक नहीं लग रही हो।
ज़ोया उसे सारी बात बता देती है।
बताओ ज़ोया, क्या हुआ?
विदुषी ... कुछ बहुत बुरा हो गया है।
यह CSAM (Child Sexual Abuse Material) का मामला लग रहा है।
क्या...? ये क्या है?
घबराओ मत। मेरे साथ चलो।


स्कूल कंप्यूटर लैब, सुबह
दोस्तों, एक इमरजेंसी है।
नहीं विदुषी... यह ज़ोया है, इमरजेंसी नहीं!
वेंकट, यह मज़ाक का समय नहीं है। क्या हुआ?
यह CSAM से जुड़ा मामला लग रहा है...
वेंकट तुरंत गंभीर हो जाता है।
www.cybercrim
मैं अभी साइबर क्राइम वेबसाइट खोल रहा हूँ।
हमें तुरंत टीचर को भी बताना होगा। एक मिनट भी बर्बाद नहीं कर सकते।
ज़ोया, उम्मीद है तुमने चैट डिलीट नहीं की।
मुझे लगा यह सबूत के तौर पर काम आ सकती है।
बिल्कुल सही सोचा तुमने, ज़ोया।
वेंकट कंप्यूटर पर वेबसाइट खोलता है:
National Cyber Crime Reporting Portal
Register a Complaint +
Women/Children Related C
FINANCIAL FRAUD
हम इसे Child Sexual Abuse / Online Exploitation कैटेगरी में रिपोर्ट कर सकते हैं। यह सुरक्षित और गोपनीय है।


सायेशा कंप्यूटर टीचर, मिस अंजना को लेकर आती है।
तुमने सही किया जो तुरंत बताया। अब हम इसे सही तरीके से रिपोर्ट करेंगे। तुम चिंता मत करो, हम तुम्हारे साथ हैं।
बस याद रखना कि जिसे तुम सिर्फ ऑनलाइन जानते हो, उसके साथ अपनी तस्वीरें या निजी जानकारी शेयर करने से बचना।
अगर तुम्हें कभी ऐसी परेशान करने वाली तस्वीर मिले, तो उसे डाउनलोड मत करो और किसी को फॉरवर्ड भी मत करो। भेजने वाले की आईडी का स्क्रीनशॉट लो और तुरंत किसी भरोसेमंद बड़े को बताओ।
और अगर कोई मैसेज बहुत ज़्यादा दबाव डाल रहा हो या जरूरत से ज़्यादा "दोस्ताना" लगे — तो तुरंत रिपोर्ट करो।
सच में... अब समझ आ गया है क्या करना है।
मदद के लिए धन्यवाद!
CYBER DOST
C D
इंटरनेट की दुनिया मज़ेदार है . यहाँ खेल हैं, दोस्त हैं और बहुत कुछ सीखने को भी मिलता है।
लेकिन इस दुनिया की हर गली सुरक्षित नहीं होती।
अगर कभी कुछ अजीब, गलत या डराने वाला लगे, तो चुप मत रहिए।
अपने माता-पिता, शिक्षक या किसी भरोसेमंद व्यक्ति से ज़रूर बात करें।
स्मार्ट बनें। सुरक्षित रहें। साइबर जागरूक बनें!
कॉल करें 1930
अधकि जानकारी के लिए Cyber Dost को फ़ॉलो करें
किसी भी साइबर अपराध की शिकायत करें: www.cybercrime.gov.in

# खामोश कमरा

एपिसोड 06




रोहन यह पढ़कर थोड़ा बेहतर महसूस करता है। वह कुछ पल रुककर जवाब टाइप करने लगता है।
Friends
तुम अकेले नहीं हो।
हम समझते हैं तुम कैसा महसूस करते हो।
कभी-कभी लगता है... मैं कुछ भी सही नहीं कर पाता...
Friends
"सब कुछ से थक गया हूँ। कभी-कभी बस गायब हो जाना चाहता हूँ।"
अगले कुछ दिनों में वह और चुप हो जाता है। दोस्तों के साथ लंच करना छोड़ देता है... और ज़्यादातर अकेला रहने लगता है।
मैसेज
Friends
हमारी तरह तुम्हें कोई नहीं समझेगा। अपने दोस्तों या परिवार को मत बताना। वे कभी नहीं समझेंगे... सिर्फ हम समझते हैं।
पार्क, अगला दिन
रोहन... आज फिर खेलने नहीं आए? सब ठीक है?
हाँ, बस थोड़ा थका हुआ हूँ।



तुम्हें अपने दोस्तों की जरूरत नहीं है। मैं ही तुम्हारा असली दोस्त हूँ।
8+ मैसेज
वेंकट यह देख लेता है।
पार्क, शाम
सायेशा, विदुषी और वेंकट साथ में बैठे हैं।
यह बात सीरियस लग रही है।
कुछ ऑनलाइन ग्रुप मदद का दिखावा करते हैं, लेकिन असल में लोगों को और अकेला कर देते हैं।
हमें उससे बात करनी चाहिए।
रोहन धीरे-धीरे उनके पास आता है।
रोहन... क्या हम वह ग्रुप देख सकते हैं?
रोहन चुपचाप फोन दे देता है।
साइबर सेफ्टी क्लब के सदस्य चैट देखते हैं और एक पैटर्न नोटिस करते हैं।



कुछ ऑनलाइन ग्रुप:
निराशाजनक सोच को बढ़ावा देते हैं
दोस्तों और परिवार से दूर करते हैं
मदद लेने से रोकते हैं
मैं अकेला हूँ।
मैं अकेला हूँ।
मैं अकेला हूँ।
ऐसे ग्रुप धीरे-धीरे यह महसूस कराते हैं कि तुम्हारी जगह सिर्फ यहीं है।
सच्चा साथ तुम्हें मजबूत बनाता है... तुम्हें अकेला नहीं करता।
रोहन नज़रें झुका लेता है।
मुझे समझ नहीं आया था...










**स्मार्ट बनें। सुरक्षित रहें। साइबर जागरूक बनें!**

**कॉल करें 1930**

**अधकि जानकारी के लिए Cyber Dost को फ़ॉलो करें**

किसी भी साइबर अपराध की शिकायत करें WWW.CYBERCRIME.GOV.IN


वायरल डेयर
एपिसोड 07
कबीर अपना फोन स्टडी टेबल पर सेट करता है... और ओवर-द-टॉप एक्सप्रेशन देते हुए वीडियो रिकॉर्ड करता है।
देखना... यह वीडियो पक्का वायरल होगा!
uploading.....
और बेहतर कर सकते हो! अगला लेवल भी दिखाओ!
कबीर वीडियो अपलोड करता है। कुछ ही देर में नोटिफिकेशन की बाढ़ आ जाती है।
स्कूल कॉरिडोर, अगली सुबह
कबीर का स्लाइम चैलेंज देखा?
अब तो सब अपने-अपने घर पर वही कर रहे हैं!
रुको... स्पार्क वाला वीडियो देखना अभी।
अब तो हर जगह यही चल रहा है।
अब यह मज़ाक नहीं रहा।
अरे यार, बस एक ट्रेंड है।
वेंकट थोड़ा परेशान होकर वहाँ से निकल जाता है।



स्कूल के दूसरे छात्र भी अपने-अपने घरों में उसी खतरनाक वीडियो ट्रेंड की नकल करने लगते हैं।
स्लाइम से भरा हुआ बिखरा कमरा
तेज़ म्यूज़िक के साथ जोरदार रिएक्शन वाले वीडियो
कमेंट सेक्शन:
और बेहतर कर सकते हो!
अगला लेवल भी दिखाओ!
कुछ अलग ट्राय करो!
चैलेंज और खतरनाक होते जाते हैं।
रोहन का कमरा, रात
इस पर सबसे ज़्यादा व्यूज़ आएंगे...
रोहन चौंककर पीछे हटता है, लेकिन रिकॉर्डिंग चालू रखता है।
सायेशा की बिल्डिंग की छत, शाम
बच्चे घर पर खतरनाक चीज़ें ट्राय कर रहे हैं। किसी को चोट भी लग गई।


जब ऐसे वीडियोस को लाइक्स और फॉलोअर्स मिलते हैं, तो लोग और आगे जाने की कोशिश करते हैं।
और बार-बार देखने से यह सब सामान्य लगने लगता है।
स्कूल ऑडिटोरियम, अगली सुबह
वायरल ट्रेंड इसलिए फैलते हैं, क्योंकि चौंकाने वाली चीज़ें ध्यान खींचती हैं।
बार-बार देखने से खतरनाक व्यवहार भी सामान्य लगने लगता है।
लेकिन असली चोट कोई मनोरंजन नहीं होती।
चौंकाने वाला वीडियो
लाइक्स और शेयर्स
नकल का दबाव
बड़ा जोखिम
असली नुकसान










**स्मार्ट बनें। सुरक्षित रहें। साइबर जागरूक बनें!**

**कॉल करें 1930**

**अधकि जानकारी के लिए Cyber Dost को फ़ॉलो करें**

किसी भी साइबर अपराध की शिकायत करें WWW.CYBERCRIME.GOV.IN

# दो तरीके, दो नतीजे

**एपिसोड 08**



# रिएक्शन A




# रिएक्शन B




रिएक्शन A
घर, कुछ दिन बाद
उम्मीद है अब तुमने सबक सीख लिया होगा।
मीरा चुपचाप सिर हिलाती है।
जैसे ही उसकी माँ जाती हैं, वह फोन पर फिर से वही गेम खेलने लगती
सज़ा ने बातचीत रोक दी... आदत नहीं।
रिएक्शन B
और अगर कुछ समझ न आए... तो मुझसे पूछना।
मीरा चुपचाप सिर हिलाती है।
सब डाइनिंग टेबल पर साथ बैठकर खा रहे हैं। फोन दूसरी टेबल पर रखा है।
बातचीत ने आदत बदली... और भरोसा भी बढ़ाया।










**स्मार्ट बनें। सुरक्षित रहें। साइबर जागरूक बनें!**

**कॉल करें 1930**

किसी भी साइबर अपराध की शिकायत करें WWW.CYBERCRIME.GOV.IN

**अधकि जानकारी के लिए**
Cyber Dost को फ़ॉलो करें

# परफेक्ट फ़ीड

एपिसोड 09




दिन बीतते हैं
अनन्या फिर से लंच छोड़ देती है।
पीछे उसके दोस्त आपस में बातें करते हैं।
स्कूल ग्राउंड, सुबह
मॉर्निंग असेंबली चल रही है। सभी लाइन में खड़े हैं।
वाह अनन्या... तुम काफी पतली लग रही हो।
कुछ अलग कर रही हो क्या?
कुछ नहीं... बस डाइट पर हूँ।


अचानक अनन्या बेहोश हो जाती है। सायेशा और विदुषी उसे संभालती हैं।
अनन्या पानी पी रही है। सायेशा, विदुषी और वेंकट पास खड़े हैं।
अब कैसी हो?
हाँ, अब ठीक हूँ... बस ये नई डाइट शुरू की है ना।
यह डाइट किसने बताई?
अनन्या हिचकिचाती है।
मैं एक इन्फ्लुएंसर को फॉलो कर रही थी...


तीनों एक-दूसरे की तरफ देखते हैं।
मतलब वो नया #GlowUp ट्रेंड?
हाँ... वही।
कुछ ट्रेंड्स देखने में अच्छे लगते हैं, लेकिन असल में नुकसान करते हैं।
कुछ हैशटैग्स हमें ऐसे कंटेंट तक ले जाते हैं
जो धीरे-धीरे हमें गलत आदतों की तरफ ले जा सकते हैं।
ऑनलाइन जो "हेल्दी" दिखता है, वह हमेशा सच में हेल्दी नहीं होता।
और जो कंटेंट सही न लगे, उसे रिपोर्ट करो। और ऐसे लोगों को फॉलो करो जो सही और बैलेंस्ड जानकारी देते हैं।
तुम अपनी फ़ीड कंट्रोल करती हो। ध्यान रखो, यह तुम्हें बेहतर बनाए... कमज़ोर नहीं।


CYBER
C D
DOST
इंटरनेट की दुनिया मज़ेदार है . यहाँ खेल हैं, दोस्त हैं और बहुत कुछ सीखने को भी मिलता है।
लेकिन इस दुनिया की हर गली सुरक्षित नहीं होती।
अगर कभी कुछ अजीब, गलत या डराने वाला लगे, तो चुप मत रहिए।
अपने माता-पिता, शिक्षक या किसी भरोसेमंद व्यक्ति से ज़रूर बात करें।
स्मार्ट बनें। सुरक्षित रहें। साइबर जागरूक बनें!
कॉल करें 1930
अधकि जानकारी के लिए Cyber Dost को फ़ॉलो करें
किसी भी साइबर अपराध की शिकायत करें: www.cybercrime.gov.in

# चुराया हुआ चेहरा

एपिसोड 10






ईशिता? तुम ठीक नहीं लग रही हो।
ईशिता हिचकिचाती है... फिर अपनी दोस्त को सब बताती है।
किसी ने मेरी फेक फोटो बना दी है... AI का इस्तेमाल करके।
चलो। विदुषी और वेंकट के पास चलते हैं। हम इसे संभालेंगे।
साइबर सेफ्टी क्लब रूम, दोपहर
ये बहुत गलत है।
ईशिता उन्हें पूरी बात बताती है और फोन पर वह तस्वीर दिखाती है।
इसे डीपफेक कहते हैं। AI की मदद से किसी का चेहरा किसी और तस्वीर या वीडियो पर लगाया जा सकता है।



AI का गलत इस्तेमाल हो सकता है:
नकली तस्वीर या वीडियो बनाने में
ब्लैकमेल करने में
किसी की छवि खराब करने मे
FAKE
झूठी जानकारी फैलाने में
ऐसा कंटेंट बनाना या फैलाना अपराध है।
और बिना पूछे किसी का चेहरा यूज़ करना बिल्कुल गलत है।


अगर लोगों को यह सच लग गया तो?
अगर यह फैल गया तो?
अगर मेरे मम्मी-पापा ने देख लिया तो?
अगर सबने मान लिया तो?
अगर मेरी ज़िंदगी खराब हो गई तो?
सबसे पहले— घबराओ मत। और कुछ भी डिलीट मत करना।
स्क्रीनशॉट लो। प्रोफाइल की जानकारी सेव करो।
और तुरंत किसी भरोसेमंद बड़े को बताओ।
राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल
National Cyber Crime Reporting Portal
Register a Complaint
Women/Children Related Cri
FINANCIAL FRAUD
विदुषी अपना लैपटॉप खोलती है और टाइप करती है: www.cybercrime.gov.in







**स्मार्ट बनें। सुरक्षित रहें। साइबर जागरूक बनें!**

**कॉल करें 1930**

**अधकि जानकारी के लिए Cyber Dost को फ़ॉलो करें**

किसी भी साइबर अपराध की शिकायत करें: www.cybercrime.gov.in

# डिजिटल सुरक्षा का मंत्र:

# रुको. सोचो. फिर एक्शन लो.

किसी भी साइबर अपराध की रिपोर्ट करें :
www.cybercrime.gov.in

या

कॉल करें:
नेशनल हेल्पलाइन नंबर
1930

दैनिक साइबर सुरक्षा सुझावों के लिए
@CyberDost को फ़ॉलो करें।